पत्र संख्या पी–5/21–01–13–2023/ 344

बिहार पुलिस मुख्यालय

(कार्मिक एवं कल्याण प्रभाग)

प्रेषक,

पुलिस उप–महानिरीक्षक (कार्मिक)
बिहार, पटना

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण), बिहार
सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप–महानिरीक्षक
(रेलवे/इकाई सहित), बिहार

पटना, दिनांक– 10.11.2023

विषय– **बिहार पुलिस मुख्यालय के अधीनस्थ कार्यालय, जिला बल में नियमित स्थापना में जिला स्तरीय संवर्ग के कार्यरत परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) की संयुक्त औपबंधिक वरीयता सूची के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सामन्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–19300, दिनांक–13.10.2023 द्वारा अधिसूचित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली, 2023 के तहत अस्थायी स्थानापन्न व्यवस्था के अन्र्तगत विहित वेतनमान सहित उच्चतर पद का प्रभार लोक सेवकों के सेवा अथवा कैडर में मूल कोटि की वरीयता के आधार पर दिया जाना है।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–17975, दिनांक–22.09.2023 द्वारा बिहार कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्ते) नियमावली, 2023 अधिसूचित की गयी है, जिसके नियम–3 में इस संवर्ग के संरचना के अन्र्तगत मूल कोटि कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) से प्रोन्नति के पदसोपान क्रमशः कोटि (III), कोटि (II), एवं कोटि (I) निर्धारित किया गया है। यह संवर्ग अराजपत्रित संवर्ग एवं जिलास्तरीय संवर्ग के अन्र्तगत आता है। इस संवर्ग कर्मियों के नियुक्ति प्राधिकार जिला के पुलिस अधीक्षक होते है।

बिहार पुलिस मुख्यालय के आदेश ज्ञापांक–536/पी0–1, दिनांक–27.10.2013 द्वारा बिहार पुलिस मुख्यालय स्तर पर केन्द्रीय स्क्रीनिंग समिति का गठन किया गया है, जिसके समक्ष उक्त उच्चतर पद का प्रभार प्रस्ताव विचारणीय होगा। एतदर्थ इस संवर्ग की वरीयता सूची की आवश्यकता होगी।

अतः बिहार पुलिस मुख्यालय के अधिनस्थ कार्यालयों एवं जिला बल में नियमित स्थापना में जिलास्तरीय संवर्ग के कार्यरत कार्यालय परिचारी (अनुसेवी, आदेशपाल, दफ्तरी, जलवाहक, जमादार पिउन, जमादार अर्दली) एवं परिचारी (विशिष्ट) (परिचारी (माली), परिचारी (मशालची), परिचारी (रसोईया), परिचारी (स्वीपर), परिचारी (झाड़ूकश), परिचारी (धोबी), परिचारी (नाई), परिचारी (मोची), परिचारी (दर्जी) की संयुक्त वरीयता सूची प्रकाशित किये जाने हेतु संलग्न विहित प्रपत्र में कार्यालय परिचारियों के संबंध में सूचना शीघ्र पुलिस मुख्यालय को हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी (MS EXCEL) में अविलंब उपलब्ध कराया जाय।

इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

10/11/23

पुलिस उप–महानिरीक्षक (कार्मिक)
बिहार, पटना

प्रशांत

प्र०:—

01. आई०टी० मैनेजर, बिहार पुलिस मुख्यालय, पटना को बिहार पुलिस के वेबसाईट https:// police.bihar.gov.in पर पत्र सहित उक्त प्रपत्र को शीघ्र अपलोड करने हेतु प्रेषित।

02. प्रभारी, पुलिस महानिदेशक नियंत्रण कक्ष, सरदार पटेल भवन, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि पत्र सहित संलग्न प्रपत्र को संबंधित पदाधिकारियों के WhatsApp Group पर आज ही भेजना सुनिश्चित करेंगे।

10/11/23

पुलिस उप–महानिरीक्षक (कार्मिक)
बिहार, पटना

बिहार पुलिस मुख्यालय के अधीनस्थ कार्यालय जिला बल में नियमित स्थापना में जिला स्तरीय संवर्ग के कार्यरत परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) की संयुक्त औपबंधिक वरीयता सूची

क्र0सं0	नाम	पदनाम	आरक्षण कोटि	जन्म तिथि	नियुक्ति की तिथि	सेवानिवृति की तिथि	सम्पुष्टि की तिथि	पदस्थापन कार्यालय	शैक्षणिक योग्यता	नियुक्ति का स्रोत	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12